हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 2 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

12 वन संसाधन अधिकार का पट्टा मांगने शिविर में ...


14 हरी सब्जियों के दाम धड़ाम से गिरे




## खबर संक्षेप

### एनईपी की परीक्षा 4 जून से

**जीजामगांव।** दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में विवि स्नातक परीक्षा (एनईपी) द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा दो पाली में होगी। प्रथम पाली में सुबह 8 से 11 बजे बीए, द्वितीय पाली में दोपहर 1 से 4 बजे तक बीएससी एवं बीकाम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 4 से 23 जून तक होगी। नियमित छात्र अनापत्ति प्रमाण-पत्र जमाकर प्रवेश पत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी संस्था प्रमुख डॉ सीआर यदु ने दी है।

### कांग्रेसी नेताओं ने मुख्यमंत्री के धमतरी दौरे को इवेंटबाजी बताया

**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के धमतरी आगमन को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, युवा कांग्रेस महासचिव गीतराम सिन्हा, ब्लॉक महामंत्री आशुतोष खरे ने सिर्फ इवेंटबाजी बताया। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा हमेशा ही विकास कार्य का झूठा दम्भ भरा जाता है जो मुख्यमंत्री के धमतरी आगमन पर उनके द्वारा एक ही विकास कार्यों की बार-बार घोषणा से साबित हो जाता है। कंडेल महाविद्यालय भवन निर्माण एवं हाईटेक लाइब्रेरी नालंदा परिसर निर्माण का कोई अता-पता नहीं हैं जबकि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार में शहरी सीमा के चारों ओर सड़क चौड़ीकरण जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई थी परंतु राजनीतिक दुर्भावनावश प्रदेश में सरकार बदलते ही भाजपा की साय सरकार ने उपरोक्त सभी स्वीकृति को निरस्त कर दिया और उन्हीं में से दो सड़क चौड़ीकरण स्वीकृति की घोषणा कर सुर्खियां बटोरने का काम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं भाजपा नेताओं के द्वारा किया गया।

### युवती ने फांसी लगा कर ली आत्महत्या

**अंवरी।** भखारा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कोलियारी निवासी एक युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने मर्ग कामय कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि ग्राम कोलियारी निवासी कलिका निषाद पिता हीरालाल निषाद 23 वर्ष ने रविवार सुबह अपने घर के आंगन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### जमीन किसी की और रिकार्ड में नाम किसी का



- आनलाइन रिकार्ड में त्रुटि सुधार के लिए भटक रहा किसान

**धमतरी।** मगरलोड विखं के ग्राम दोनर निवासी इन्द्रकुमार पिता सोनूराम कुर्मी ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि उनके नाम पर ग्राम लड़ेर पहनं 27 में खसरा नं. 99, 146, 242, 975, 826 में रकबा 0.03, 0.04, 0.01, 0.12, 0.10 हेक्टेयर जमीन है। उक्त जमीन पर वह शांतिपूर्वक कास्तकारी कर उसमें काबिज हैं। उपरोक्त भूमि में से खसरा नं. 826 का रकबा 0.10 बोरसी निवासी किसी व्यक्ति के नाम आनलाइन रिकार्ड में बताया जा रहा है जिससे उन्हें अनेक प्रकार की असुविधा एवं मानसिक परेशानी हो रही है। जमीन का सीमांकन नहीं हो पा रहा है और विवाद की स्थिति बन गई है। पीड़ित इन्द्रकुमार ने कलेक्टर से आनलाइन रिकार्ड में की गई गलती को सुधारकर उनका नाम दर्ज कराने की मांग की है।





# विश्व साइकिल दिवस : साइकिल चलाकर दिया फिट रहने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शरीर और पर्यावरण को स्वस्थ व स्वच्छ रखने का संदेश देने शहर के सैकड़ों नागरिकों ने रविवार को सुबह 7 बजे शहर के अंदर साइकिल चलाई। बैनर, पोस्टर के सहारे नारे लगाते हुए लोगों को फिट रहने का संदेश दिया। किफायती सामान आजमाकर पर्यावरण को बचाने की आवाज लगाई। नागरिकों को साइकिल चलाते देख शहर के अन्य रहवासी भी अपनी साइकिल निकालकर रैली में शामिल हुए और वचन दिया कि सप्ताह में तीन दिन साइकिल से जरूर सफर करेंगे और लोगों को साइकिल चलाने प्रेरित करेंगे। नागरिकों ने आम लोगों से कहा कि फिटनेस को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

## बच्चे, युवा, बुजुर्गों ने चलाई साइकिल, दिखा उत्साह

रविवार को विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन व खेल युवा कल्याण विभाग द्वारा सुबह 7 बजे साइकिल रैली का आयोजन किया गया। प्रशासन के आग्रह पर सैकड़ों नागरिकों ने साइकिल रैली में भाग लिया। शहर के नागरिक सुरेश साहू, आकाशगिरी, एलके साहू, अमरजीत, शिवा प्रधान, रवि साहू, भूपेंद्र मानिकपुरी, कुंदनसिंह, विकाससिंह, टिकेश्वर निर्मलकर, राजकुमार सिन्हा, सुनील सिन्हा, संदीप सिन्हा, वैभव रणसिंह, ओंकार पटेल, गोपाल, गोपेश साहू, सतीश साहू, गिरीश गजपाल, देवेंद्र यादव, शेषनारायण गजेंद्र, टीआर ध्रुव, परमानंद साहू, हुमिता साहू रैली में शामिल हुए और साइकिल को खेल का हिस्सा एवं फिटनेस का अच्छा साधन बताया।

नागरिकों ने प्रशासन के हरी झंडी दिखाने पर गांधी मैदान से गोलबाजार, घड़ी चौक, विमल टाकिज रोड, शिवचौक, रमसगरी गार्डन होते हुए गांधी चौक तक लगभग पांच किमी साइकिल चलाई और बताया कि साइकिल चलाने से एक नयापन का एहसास हुआ। शरीर में स्फूर्ति आ गई। अब वे रोज साइकिल से सफर करेंगे। बाइक, कार का कम उपयोग करेंगे।

इस आयोजन में एसडीएम पीयूष तिवारी, तहसीलदार सूरज बंछोर, शहर के खेल संघों के सदस्य व अनेक नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने साइकिल चलाकर निरोग रहने का संदेश दिया।

### प्री-मानसून तथा पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से हो रही है बारिश

# मानसून आने से पहले बांधों में पानी की आवक शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

इस साल का मौसम गजब ढा रहा है। जिला बनने के बाद यह पहली मर्तबा है जब जून माह लगने से पहले महानदी परियोजना के दो बांधों में पानी की आवक शुरु हो गई है। रविवार को गंगरेल बांध में 487 क्यूसेक तथा माड़मसिल्ली बांध में 341 क्यूसेक पानी की आवक दर्ज की गई है।

सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध में कुल जलभराव 13.551 टीएमसी है। यहां उपयोगी पानी 8.444 टीएमसी है। बांध से 357 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जबकि आवक 487 क्यूसेक दर्ज की गई है। माड़मसिल्ली बांध का पानी पूरी तरह से सूख चुका था। अब यहां पानी की आवक शुरु हो गई है। रविवार को . 31 टीएमसी पानी की आवक हुई है। रविवार को माड़मसिल्ली में 341 क्यूसेक पानी की आवक दर्ज की गई है।

### नवतपा पर फिरा पानी

गर्मी के मौसम में नवतपा का याद आते ही 44-45 डिग्री पारा अक्स में छा जाता है। गर्मी से बचने लोग स्कार्फ, छाता, शीतलपेय आदि का सहारा लेते हैं। इस साल के नवतपा पर पानी फिर गया है। आज नवतपा का आखिरी दिन है और अधिकतम तापमान 37 डिग्री से कम है। नवतपा में 6 से 7 डिग्री तापमान कम होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बुजुर्ग किसानों का मानना है कि नवतपा पर भीषण गर्मी नहीं पड़ने का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ सकता है। नवतपा की गर्मी में खेतों के दुश्मन कीटों का नाश होता है। जमीन के सूखने से उर्वरा शक्ति बढ़ती है। इससे इस बार फसल में कीट प्रकोप ज्यादा हो सकता है।

### दुधावा और सोंढूर को पानी का इंतजार

महानदी परियोजना के दो बांधों में पानी की आवक शुरु हो गई है, वहीं दुधावा और सोंढूर बांध का पानी का इंतजार है। दुधावा बांध की क्षमता 10.192 टीएमसी है। वर्तमान में यहां 2.167 टीएमसी पानी जमा है। दुधावा से 380 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध में पानी की आवक अभी जीरो है। 6.995 टीएमसी जलभराव क्षमता वाले सोंढूर बांध में जलभराव 1.802 टीएमसी है। इस बांध में पानी की आवक जीरो है।


# ग्रामीण के बाथरूम में घुसा तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

- वन विभाग की टीम को तेंदुआ को भगाने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी

ग्राम सोनामगर के एक ग्रामीण के बाथरूम में तेंदुआ घुस गया। सूचना पर वन विभाग तुरंत पहुंचा और कर्मचारियों ने बाथरूम का दरवाजा खोला। दरवाजा खुलते ही तेंदुआ पहाड़ी की ओर भाग गया।

मिली जानकारी के अनुसार सोनामगर निवासी उत्तम साहू पिता बंशीलाल साहू ने बताया कि दोपहर को मेरे घर की छत से कुछ सामान के गिरने की आवाज आई । छत में कबाड़ी सामान रखा हुआ है। घरवालों ने दरवाजा खोलने प्रयास किया नहीं खुलने पर खिड़की से झांककर देखा तो तेंदुआ छत पर बने बाथरूम के कोने पर बैठा था। वन विभाग को तत्काल सूचना दी गई। सूचना पर बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपक गावड़े की संयुक्त टीम पहुंची। टीम ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दरवाजा खोला। दरवाजा खुलने के बाद तेंदुआ पहाड़ की तरफ भाग गया।



**23वां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पूरी आस्था एवं उल्लास से मनाया गया**

# जलाराम मंदिर में हुआ हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



मठ मंदिर चौक के पास स्थित जलाराम बापा मंदिर में शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत हवन पूजन, महाआरती के बाद भंडारा हुआ। इसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं अपनी आस्था प्रकट की। श्री जलाराम बापा मंदिर ट्रस्ट द्वारा तेइसंवा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पूरी आस्था एवं उल्लास से मनाया गया। इसके तहत जलाराम बापा मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटी रही। महोत्सव के तहत सुबह विशेष पूजा व नियमित आरती हुई। पश्चात दोपहर में हवन-पूजन, छप्पन भोग के बाद महाआरती हुई। इसके उपरांत भंडारा सहित अन्य विविध कार्यक्रम हुए। इसमें लोगों ने भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की। शाम को जलाराम सत्संग मंडली द्वारा भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। आरती उपरांत महोत्सव का विधिवत समापन हुआ। भक्त अरुण मिराणी, केतन रायचुरा, अनिल गांधी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत जलाराम बापा को 250 किलो आम का भोग लगाया गया। इसे बाद में भक्तों को वितरण किया गया। इस मौके पर हर्षद मेहता, पप्पू लोहाना, आदित्य कोठारी, गौरव लोहाना, संतोष मुछाला, राजेश हरखानी, शरद लोहाना, प्रदीप मिराणी, मयूर रायचुरा, अशोक मोदी, राकेश लोहाना, वंदना बेन मिराणी, मंजु बेन, चंद्रिका बेन, रेखा लोहाना, मीना गांधी, कल्पना, ज्योत्सना, साधना रायचुरा, दिव्या रायचुरा एवं अन्य भक्त मौजूद थे।




फाइल फोटो

# रत्नाबांधा रोड फोरलेन के लिए 56 करोड़ की घोषणा, गंगरेल रोड का नाम छूटा

- नालंदा परिसर, गोकुल नगर, ड्रेनेज सिस्टम, पार्किंग, गोलबाजार उन्नयन की घोषणा बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के प्रवास पर आए सीएम विष्णुदेव साय ने रत्नाबांधा से मुजगहन तक सड़क को फोरलेन बनाने के लिए 56 करोड़ रूपए की घोषणा की है। इसी तरह हाईटेक बस स्टैंड के लिए 18 करोड़, आडिटोरियम के लिए 10.50 करोड़, सिहावा चौक से कोलियारी तक फोरलेन के लिए 69 करोड़, धमतरी से नगरी मार्ग नवीनीकरण मजबूतीकरण के लिए 60 करोड़ की घोषणा की है। प्रस्तावित रूद्री गंगरेल रोड की घोषणा करना बाकी रह गया। प्रेस कांफ्रेंस में सीएम को जानकारी देने पर पत्रकारों को धन्यवाद दिया एवं संज्ञान में लेने की बात कही। गोकुलनगर, ड्रेनेज सिस्टम, नालंदा परिसर, पार्किंग, गोलबाजार उन्नयन आदि विकास कार्य की घोषणा बाकी है।

# वर्षा में आएगी कमी, तापमान बढ़ेगा

**धमतरी।** प्रदेश में बारिश की तीव्रता में कमी आने के साथ आगामी 48 घंटे में तापमान के 2 से 3 डिग्री बढ़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसर मानूसन की उत्तरी सीमा मुंबई, अहिल्या नगर, आदिलाबाइ, भवानीपटनम, पुरी, सैडहेड दीप, बालुरघाट से होकर गुजर रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के मध्य भाग से लेकर बिहार के मध्य भाग, उप हिमालयी पश्चिम बंगाल, असम के मध्य भाग से होते हुए अरूणाचल प्रदेश तक औसत समुद्र तल पर द्रोणिका बनी हुई है। सोमवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं चेतावनी में कहा गया है कि प्रदेश के एक दो स्थानों पर मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

### अवैध रुप से शराब बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

# खुलेआम बेच रहे थे शराब, मौके पर पहुंची पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कुरूद थाना और बिरेझर चौकी द्वारा अवैध रुप से शराब बेचने वाले दो आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपियों से कुल 35 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 3500 रुपए है। शराब की बिक्री से मिले 570 रुपए आरोपियों ने अपनी जेब में रखे थे। उसे भी जब्त किया गया है।

जिले में अवैध रुप से शराब बिक्री का सिलसिला थम नहीं रहा है। शराब दुकानों से शराब खरीदकर ये कोचिए गली कूचों में इसकी बिक्री करते हैं। जिन क्षेत्रों में शराब दुकान थोड़ी दूर है, वहां पर ये व्यवसाय खूब फलफूल रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने इन कोचियों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। रविवार को खुलेआम ब्लैक में शराब बेच रहे दो लोगों को बिरेझर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना कुरूद को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति नारी में पुरानी शराब दुकान के पास अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर थाना कुरूद पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर आरोपी प्रेमलाल सोनकर उम्र 35 वर्ष पिता जयराम सोनकर साकिन नारी बाजार चौक कुरुद को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 20 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई। शराब की कीमत 2000 रुपये है। आरोपी ने शराब बेचने से मिले 300 रुपए भी जेब में रखे थे। इन रुपयों को जब्त किया गया। दूसरा मामला बिरेझर पुलिस चौकी क्षेत्र का है। बिरेझर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कचना जयस्तंभ चौक के पास अवैध शराब बेच रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी हीरालाल टंडन उम्र 50 साल पिता मोतीलाल टंडन साकिन कचना को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 15 पौवा देशी मसाला शराब कीमत 1500 रूपए को जब्त किया गया। उसने शराब बेचने से मिले 270 रुपए जेब में रखे थे, जिसे जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।


आरोपी

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### यातायात टीम ने किया पैदल मार्च, की कार्रवाई

**कांकेर।** जिले की यातायात टीम यातायात को व्यवस्थित करने के लिए देर शाम पैदल मार्च निकाला और इस दौरान यातायात बिगाड़ने वाले वाहनों पर कार्रवाई भी की गई। शाम होते ही यातायात व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए लोग जहाँ चाहे, वहाँ वाहन खड़ा कर देते है। यातायात को ठीक करने के लिए शहर में पैदल मार्च कर रहे हैं। यातायात टीम का यहीं कहना है कि वाहनों को सड़क किनारे न खड़ा करे, ऐसा करने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ती है।

### सूने घर से नकद व आभूषण समेत 2 लाख 80 हजार की हुई चोरी



**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीवी 102 कृषकनगर में दिनदहाड़े घर के आलमारी में रखे नकद व सोने चांदी के जेवरों को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। चोर ने कुल 2 लाख 80 हजार रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने पहले तो गांव में बैठक के माध्यम से चोर का पता तलाश किया। लेकिन पता नहीं चलने पर तीन दिन बाद थाना में शिकायत दर्ज कराया। बांदे थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 102 कृषकनगर निवासी 31 वर्षीय कौशिक पोद्दार पिता पियुष पोद्दार ने पुलिस को बताया कि दूध का व्यवसाय करता हूं। पिता पीयुष पोद्दार के नाम से प्रधानमंत्री आवास मिला हुआ है, जिस कारण से मेरे घर में भवन निर्माण का काम चल रहा है। 28 मई बुधवार को सुबह करीबन साढ़े 11 से ढाई बजे तक अपनी पत्नी बासी पोद्दार के साथ घर के पीछे खेत में बाड़ी घेरा लगाने का काम कर रहे थे। मेरे पिता गांव के दुकान में बैठे थे। दोपहर ढाई बजे मैं और मेरी पत्नि वापस अपने घर आए। मेरी पत्नी से दो हजार रुपए मांगा। मेरी पत्नि बासी पोद्दार घर के अलमारी को रुपए निकालने के लिए खोली तो अलमारी में गृह निर्माण के लिए रखे 1 लाख 30 हजार रूपएं व कान का बाली सोने का तीन जोड़ी, सोने का मंगलसूत्र दो नग, सोने का अंगूठी दो नग, चांदी का पायल दो नग आभूषणों की अनुमानिक किमत करीबन 1 लाख 50 हजार रूपएं कुल रकम 2 लाख 80 हजार रूपएं आलमारी में नही था। किसी अज्ञात चोर ने 28 मई को दिन दहाड़े घर के अंदर घुसकर चोरी कर लिया।





दुगली में आयुष्मान कार्ड, क्रेडिट कार्ड, ट्राईसिकल का वितरण

# वन संसाधन अधिकार का पट्टा मांगने शिविर में पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम दुगली में सुशासन समाधान शिविर का आयोजन हुआ। क्लस्टर के 13 ग्राम बिलभदर, डोंगरडुला, दुगली, गेदरा, गुहाननाला, कौहाबहारा, मुनईकेरा, परसापानी, राजपुर, कोलियारी, जबरा, कल्लेमेटा पंचायत के ग्रामीण पहुंचे। सुबह से बारिश होने से शिविर स्थल में व्यवधान उत्पन्न हुआ जिसके बाद हाईस्कूल भवन दुगली में शिविर आयोजित किया गया।

ग्राम कौहाबाहरा एवं दुगली को वन कक्ष क्रमांक का बराबर हिस्से में बटंवारा, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्यता पत्र को लेकर शिविर स्थल में ग्रामीण पहुंचे थे। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में दुगली एवं कौहाबाहरा एक ही पंचायत हुआ करता था तब से कौहाबाहरा के लोग वन कक्ष क्र.255, 256, 257 एवं 258 में अपना निस्तार करते आ रहे हैं। वैसे ही दुगली के ग्रामीण भी अन्य 4-5 कक्ष क्रमांक में अपना निस्तार करते आ रहे हैं, लेकिन वर्तमान में दुगली एवं कौहाबाहरा पंचायत परिसीमन में अलग पंचायत बन चुकी है लेकिन वनमंडल धमतरी द्वारा 31 दिसम्बर 2009 को कौहाबाहरा को मात्र 01 वनकक्ष क्रमांक एवं दुगली को बाकी के सभी 9-10 वनकक्ष क्रमांक को आबंटित करना न्यायोचित नहीं है। कौहाबाहरा जनसंख्या के मामले में दुगली से बड़ा है। ग्रामीण शिवप्रसाद नेताम, दसरू राम, परउराम, चिंताराम, रामभरोस सिन्हा, रामभरोस यादव, प्रीतम, मंगल ने बताया कि वन कक्ष क्रमांक का बंटवारा बराबर हिस्से में हो लेकिन आज तक इसका निरकरण नहीं हो पाया है। वहीं वन विभाग अधिकारी दुगली से बात करने पर उन्होंने बताया कि वन अधिनियम के अनुसार आगे की कारवाई की जाएगी। शिविर में आयुष्मान कार्ड स्वामित्व योजना, किसानों की ऋण पुस्तिका व क्रेडिट कार्ड का वितरण, महिलाओं की गोद भराई, नव निहाल योजना, फसल बीज वितरण, किसानों को बोर मशीन का वितरण , मछली जाल वितरण, दिव्यांग बच्चों को ट्राईसिकल का वितरण, छात्र-छात्राओं को यूनिफार्म का वितरण किया गया। स्टालों पर ग्रामीण की भारी भीड़ देखी गई। मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजा राम, जनपद सदस्य पुष्पा धुव, सरपंच मलकी देवी, सरपंच उतम धुव, सरपंच सुनोती मरकाम, सरपंच भूपेंद्र मरकाम, शारदा, मोनिका, राधिका नेताम, पूर्व जनपद सदस्य बंशी सोरी, तहसीलदार नगरी तेजपाल ध्रुव, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोझा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करारोपण अधिकारी आनंद साहू ने किया।



# साहू समाज के प्रतिभावान छात्रों को मिला चांदी का मैडल

## दहदहा में निःशुल्क करियर मार्गदर्शन शिविर का समापन

- उपपुलिस अधीक्षक रागिनी मिश्रा ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

परिक्षेत्र साहू समाज मौरीखुर्द द्वारा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल दहदहा में संचालित सर्व समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग क्लास एवं करियर मार्गदर्शन शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम के अतिथि रागिनी मिश्रा उपपुलिस अधीक्षक, अवनेंद्र साहू जिलाध्यक्ष साहू संघ, तोरणलाल साहू जिला उपाध्यक्ष, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, लीलाराम साहू जिला सचिव, राधेश्याम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरुद, रमेशर साहू तहसील उपाध्यक्ष कुरुद, परिक्षेत्र अध्यक्ष कमलेश साहू, रोहित साहू, गिरधारी साहू ने विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स दिए। बताया कि सफलता के लिए लक्ष्य का निर्धारित करें। मोबाइल एवं सोशल मीडिया के नुकसान एवं फायदे, अपने राष्ट्र की प्रभुता, संस्कृति के प्रति समर्पण, माता-पिता, परिवार, समाज के प्रति सम्मान, महापुरुषों की जीवनी पढ़ना एवं उससे प्रेरणा लेना, सीपीआर ट्रेनिंग, यूपीएससी परीक्षा एवं आवश्यक तैयारी संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर मोटिवेट किया।

गौकरण साहू, रागिनी मिश्रा ने पूरे जिले में साहू समाज द्वारा चलाए जा रही कोचिंग क्लास, करियर गाइडेंस एवं समर कैंप की सराहना की। कार्यक्रम में दो उत्कृष्ट प्रतिभाशाली विद्यार्थी गौरव एवं नेहा को 50-50 ग्राम चांदी एवं तेरह विद्यार्थियों को 12-12 ग्राम चांदी का मैडल तथा शेष प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं श्रीमद्भागवत गीता भेंटकर सम्मानित किया गया। ग्रामीण अध्यक्षों के साथ सामाजिक भवन हेतु निर्माण सामग्री, कर्मा माता एवं जगन्नाथ स्वामी की मूर्ति एवं अर्थदान करने वाले दानवीरों का भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया।

ग्राम कुहकुहा निवासी शैलकुमारी साहू द्वारा स्वयं की दो डिसमिल जमीन पर निर्मित निवासरत मकान को समाज को दान करने पर उन्हें भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। समर कैंप में अपना योगदान देने वाले गोविंद साहू, डाकेश्वर, कामेश्वरी ध्रुव, होमेंद्र, प्रदीप, बीना, रोशनी ढालेश्वरी, लेषकुमारी, संजय, अन्नपूर्णा, कुंदन, मोहनीश आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी सम्मान किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। कुहकुहा निवासी टिकेंद्र साहू ने 10वीं एवं 12वीं में छत्तीसगढ़ के टॉप टेन में स्थान बनाने वाले मौरीखुर्द परिक्षेत्र के विद्यार्थियों को 21 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

मौरीखुर्द परिक्षेत्र अध्यक्ष पोषण साहू ने 10वीं, 12वीं की राज्य मेरिट सूची में आने पर 500 ग्राम चांदी का मेडल देने की घोषणा की। समर कैंप में राज्य की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने वाले छात्रों को 51 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि जिला साहू संघ की ओर से देने की घोषणा भी की गई।

गौकरण साहू ने परिक्षेत्र भवन के अहाता निर्माण हेतु 2 लाख रूपये देने की घोषणा की। मौके पर मौरीखुर्द परिक्षेत्र अध्यक्ष पोषण साहू, गौतम साहू, लखन साहू, कोषाराम, तीरथ, किशोर, श्यामाचरण, केजू, मानिक, किशोर, उत्तम, संजय, सनत, ठाकुरराम, कन्हैया, सोमप्रकाश, आशाराम, हीरेंद्र, चंद्रकुमार, सुंदर, लक्ष्मी, वसुंधरा, तृप्ति, ग्रामीण अध्यक्ष हरिनारायण, संजय समेत अन्य मौजूद थे।





# युक्तियुक्तकरण भाजपा सरकार का महाषड्यंत्र







- भारतीय मूल निवासी समाज ने आदेश को वापस लेने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षकों एवं स्कूलों का युक्ति युक्तकरण का आदेश जारी किया है, जो भाजपा सरकार का षड्यंत्र है। सरकार आदेश वापस लें और प्रति 500 आबादी के पीछे एक प्राथमिक शाला खोलें तथा संपूर्ण सुविधा दें। सरकार युक्तियुक्तकरण के माध्यम से शिक्षा के अधिकार को छीनना चाहती है। भले ही आदिवासी मुख्यमंत्री हैं लेकिन काम आरएसएस की नीति पर कर रहे हैं। सरकार तत्काल युक्तियुक्तकरण के आदेश को वापस लें और प्रमोशन में आरक्षण को तत्काल लागू करें। छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र सरकार से शिक्षा के लिए 10000 करोड़ रुपए की मांग करें। उपरोक्त बातें भारतीय मूल निवासी समाज के पदाधिकारियों ने कही है। आगे कहा है कि सरकार शराब की भट्टी खोल सकती है लेकिन स्कूल नहीं खोल सकती। स्कूलों के युक्तियुक्तकरण से लगभग 12000 स्कूल बंद हो जाएंगे और 25000 शिक्षकों की नौकरी पर गाज गिर सकती है। पदाधिकारियों ने आगे कहा है कि सरकार जानबूझकर ऐसी स्थिति का निर्माण करना चाहती है ताकि भारतीय मूल निवासी समाज शिक्षा से वंचित हो जाए।

भारतीय मूल निवासी समाज एससी-एसटी और ओबीसी समाज युक्तियुक्तकरण का विरोध करता है और प्रमोशन में आरक्षण को तत्काल लागू करने की मांग करता है। पदाधिकारियों ने तुता में 11 जून को आयोजित आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। अपील करने वालों में जीवराखन लाल मरई, बसंत ध्रुव, शंकर रात्रे, अधिवक्ता शत्रुघ्न साहू, मोहन साहू, डॉ देवचरण साहू, सुजीत साहू, डॉ रोहित कुर्रे, परमानंद कुर्रे, हरिश्चंद्र मांडवी, ललित ठाकुर, डॉ रमेश भतपहरी, रूपेंद्र बघेल, अर्जुन चेलक, विष्णु टंडन, बोधन ध्रुव शामिल हैं।

## युक्तियुक्तकरण में विषय व्यवस्था को किया जा रहा नजर अंदाज : फेडरेशन



दयालूराम साहू

**कुरुद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने स्कूलों एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विरुद्ध शिक्षकों के जिला स्तरीय आंदोलन का समर्थन किया है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी तथा दयालुराम साहू जिलाध्यक्ष ने बताया कि शिक्षा विभाग की युक्तियुक्तकरण नीति में शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षावार प्रत्येक विद्यार्थियों को विषय शिक्षक उपलब्ध कराने की व्यवस्था को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों की निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की अनुसूची (धारा-19 और 25) में विद्यालय के लिए मान और मानक में उल्लेख है कि कम से कम प्रति कक्षा में एक शिक्षक विज्ञान और गणित, सामाजिक अध्ययन और भाषा का रहना चाहिए। लेकिन इसके विपरीत विषय व्यवस्था को नजरअंदाज कर विद्यार्थियों की दर्ज संख्या के मान और मानक से शिक्षकों को अतिशेष किया जा रहा है। यह बच्चों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन है। हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूलों में विषयमान से स्वीकृत पदों में कार्यरत उसी विषय शिक्षकों को भी अध्यापन के 4 कालखण्ड से कम होने के आधार पर अतिशेष किया जाना अवैधानिक है।

- बच्चों की नि :शुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन

# बच्चों ने वेस्ट पेपर से बनाई कलाकृतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

- मातृभूमि कर्मचारी संगठन के समर कैंप का हुआ समापन

ग्राम परसवानी के मातृभूमि कर्मचारी संगठन द्वारा ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मातृभूमि कर्मचारी संगठन के सदस्य घनश्याम साहू, नरेंद्र साहू ,पुष्पलता यादव , खेमिन कंवर, गंगा दीवान, ओमेश्वरी साहू, गौतम साहू, विकास कंवर, संजीव बंजारे , सोमन यादव ने प्रतिदिन बच्चों को विभिन्न कलाकृतियां रंगोली ,पेंटिंग, चित्रकला, कार्टोग्राफी , जुंबा डांस, योगाभ्यास के बारे में जानकारी दी।

समर कैंप का प्रारंभ प्रतिदिन प्रातः जुंबा डांस से होता था जिसमें सभी बच्चे डांस के साथ-साथ योगाभ्यास करते थे। बच्चों को योग, व्यायाम से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी गई। कार्य योजना के अनुसार रंगोली, चित्रकला ,पेंटिंग, वेस्ट पेपर से विभिन्न कलाकृतियां जैसे जहाज, टोपी, गिफ्ट पेपर, पर्स, सजावटी फूल , गुलदस्ता बनाना सिखाया गया। लगभग 70 बच्चे लाभान्वित हुए। कैम्प के अंतिम दिवस यादराम साहू शिक्षक ने प्रेरक वचन दिए। मातृभूमि कर्मचारी संगठन की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता यादव ने घोषणा की कि शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला परसवानी में दर्ज सभी विद्यार्थियों को संगठन द्वारा निःशुल्क जूता एवं मोजा दिया जाएगा। संगठन के सचिव घनश्याम साहू ने आभार व्यक्त किया।



# गुरु अर्जुनदेव का शहीदी दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

श्री गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर सिक्ख एवं सिंधी समाज द्वारा कच्ची लस्सी का वितरण किया गया, साथ ही उनके त्याग एवं बलिदान को याद कर उन्हें नमन किया गया। गौरतलब है कि सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव महाराज की शहादत की याद में शहीदी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने हिंदू धर्म की रक्षा, आपसी भाईचारा, प्रेम, परमात्मा की भक्ति, प्रभु स्मरण नेक जीवन जीने का संदेश दिया था। उनके त्याग और बलिदान को सिक्ख समाज हमेशा याद रखेगा। कच्ची लस्सी की सेवा में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, समाज अध्यक्ष अनिल कुमार वाधवानी, सुरजीत सिंह खनूजा, प्रेम प्रकाश वाधवानी, शंकर पंजाबी, आकाश पंजाबी, राकेश नारंग, जसप्रीत सिंह भाटिया, देवी चंद, जोगिंदर सिंह, गुरमीत कौर, अमित सिंह, सुरेश नारंग, गिरधर टहलवानी, रमेश टहलवानी, राजू टहलवानी, जसवंत सिंह खनूजा, जसपाल सिंह खनूजा का योगदान रहा।



# कालेज में डीसीए-पीजीडीसीए के छात्रों को दी विदाई

- छात्र अनुशासित रहकर अपने लक्ष्य को हासिल करें : यदु

**जीजामगांव।** दाऊ कल्याणसिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में सत्र 2024-25 डीसीए, पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों का विदाई कार्यक्रम आडिटोरियम हाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सी.आर यदु रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि डॉ यदु ने कहा कि छात्र अनुशासित रहकर अपने लक्ष्य को हासिल करें। हम सबके जीवन में समय बहुमूल्य है और यह बहुमूल्य अवसर दोबारा नहीं मिलता। सदा इसका ध्यान रखकर कार्य करें। इस अवसर पर कम्प्यूटर विभाग के सहायक प्राध्यापक टाकेश्वर साहू, डेविड कुर्रे, प्राणीशास्त्र के सहायक प्राध्यापक अनिल जांगड़े, समाजशास्त्र के सहायक प्राध्यापक वालेन्दु सिंह राजपूत ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। छात्रों ने अनुभव शेयर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं तामेश्वरी, मोनिका, मोनिषा, खुशबू, ज्योति, ममता, चेतना, नोमिन, पूनम, तुलसी, मीरा, गजेंद्र, डिकेश, शेषनारायण, तोषण, बीरेंद्र, लोमश, रूपल, युवराज, डुमेन्द्र ने एकल, युगल एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन तुलसी साहू ने किया।



# मानस मंथन में 95 मानस मंडलियों ने दी प्रस्तुति

- मानस दर्शन की बैठक में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

मानस दर्शन जीवन अर्पण संस्था द्वारा 19 दिवसीय ऑनलाइन मानस मंथन प्रतियोगिता रखी गई जिसमें छग के बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर रायपुर, दुर्ग संभाग से 95 मानस मंडलियों ने संगीत के साथ प्रस्तुति दी। इनमें 14 शीर्ष मंडलियों का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। इसकी प्रस्तुति मानस दर्शन का आफलाइन मंच ग्राम मरौद में होगा। इसी तारतम्य में मानस दर्शन सेंट्रल टीम एवं आयोजक समिति मरौद के मध्य बैठक 30 मई को रखी गई जिसमें मंडली की प्रस्तुति सहित राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों की प्रस्तुति पर चर्चा की गई।

बैठक में संस्था के संस्थापक दीपक गुहा, राज मानस संघ धमतरी के अध्यक्ष अर्जुन पुरी गोस्वामी, जिला संयोजक डॉ जेएल देवांगन, एनआर यादव, मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा अध्यक्ष देवलाल सिन्हा, तुलसी मानस प्रतिष्ठान छग सलाहकार लोकेश गायकवाड़ सहित आयोजक समिति संरक्षक बुधारू साहू, विजय साहू, डॉ झुमुकलाल गुहा, अध्यक्ष शंकर भार्गव, भीम साहू, रामचंद्र देवांगन, कुशल साहू, हेमराज भार्गव, राजू साहू, हेमंत ध्रुव, खेलनदास मानिकपुरी, भरत साहू एवं सेंट्रल टीम से आरडी साहू, आत्माराम साहू, केके सिन्हा, माखन साहू, छगन साहू, विष्णु साहू, वंदना साहू, सरस्वती साहू, बिहारी यादव, मनोज साहू, गजेंद्र वर्मा, हेमराज भार्गव, भूपेश बनपेला, रामकुमार प्रजापति, मैसुल साहू, संदीप ठाकुर, पुनेश्वर साहू, हितेंद्र साहू उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### भाजपा जिलाध्यक्ष की पहल पर धमतरी-नगरी मार्ग को मिली 60 करोड़ की मंजूरी



■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पर दी त्वरित स्वीकृति

**नगरी।** सुशासन तिहार के अंतिम दिन धमतरी पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस द्वारा उठाई गई महत्वपूर्ण मांग धमतरी से नगरी मुख्य मार्ग के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण पर त्वरित निर्णय लेते हुए 60 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। यह फैसला न केवल क्षेत्र के नागरिकों के लिए राहत की सौगात है, बल्कि मुख्यमंत्री की जनभावनाओं के प्रति संवेदनशीलता और जिलाध्यक्ष बैस की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है। मुख्यमंत्री के इस फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, सभापति अजय ध्रुव, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, विकल गुप्ता, रविशंकर दुबे, मोहन नाहटा, महामंत्री रूपेंद्र साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सिहावा विधानसभा क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रकाश बैस का आभार माना।

### कलारतराई में मनी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती




**धमतरी।** ग्राम पंचायत कलारतराई में अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई गई। पंचायत में सुबह 10 बजे पंचायत पदाधिकारी व ग्रामीणों ने अहिल्याबाई के छायाचित्र की पूजा-अर्चना की। उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने कहा कि उदारता, न्यायप्रियता तथा धर्म-कर्म कर्तव्यों के कारण देवी अहिल्याबाई को लोकमाता का दर्जा दिया गया है। लोकमाता का नाम भारत के स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा और उनका जीवन चरित्र हमें किसी भी विपत्ति काल में साहसी एवं सहनशील बने रहने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर सचिव चुन्नीलाल साहू, रविप्रकाश सेन, विष्णु साहू, डागेंद्र साहू, सुशीला साहू, कुंती साहू, धनेश्वरी सिन्हा, भोजबाई साहू, रामकुमारी साहू, रामकुमारी मारकंडे, टमिन निर्मलकर, धर्मवीर साहू, तरुणा सेन सहित अन्य उपस्थित थे।

### गोकुलपुर वार्ड में विशाल ओवरहेड टैंक का शुभारंभ



**धमतरी।** गोकुलपुर वार्ड में वर्षों से चली आ रही जल समस्या का समाधान अब निकट आ चुका है। महापौर श्री रामू रोहरा एवं जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने 1050 किलो लीटर क्षमता वाले ओवरहेड टैंक का शुभारंभ किया। इस टैंक के उद्घाटन से गोकुलपुर वार्ड के हजारों निवासियों को प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह टैंक जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि टैंक की क्षमता इतनी है कि पूरे वार्ड में लगातार जल आपूर्ति की जा सकेगी, जिससे अब लोगों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने भी इस प्रोजेक्ट के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। यह टैंक आधुनिक तकनीकों से लैस है, जिससे जल की गुणवत्ता भी बनी रहेगी। यह परियोजना नगर निगम की योजनाबद्ध विकास नीति का एक और उदाहरण है, जिसमें नागरिकों की प्राथमिक आवश्यकताओं को सर्वोपरि रखा गया है।

### अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर फल का वितरण



**धमतरी।** अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर पुण्य श्लोक लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह आयोजन समिति द्वारा एक्जेक्ट फाउंडेशन रुद्री के अशक्त एवं विकलांग बच्चों को तथा वृध्दाश्रम रुद्री में फल का वितरण किया गया। मौके पर धनेश्वर निर्मलकर जिला कार्यवाह, नीलेश राजा पूर्व पार्षद, महेश शर्मा जिलाध्यक्ष आयोजन समिति धमतरी, श्रीमती चेतना रणसिंह जिला सचिव, मनोज साहू शाखा कार्यवाह दानवीर भामाशाह प्रभात शाखा रुद्री, शंकर साहू, गोपाल खण्डेलवाल, शंकर साहू, राधेश्याम साहू, वैष्णवी शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम में एक्जेक्ट फाउंडेशन की संचालिका श्रीमती लक्ष्मी सोनी का सहयोग रहा।

### उप स्वास्थ्य केंद्र बारना को उच्चतम अंक मिला



**कुकरेल (धमतरी)।** गत दिनों उपस्वास्थ्य केंद्र बारना ने एनक्यूएएस राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक मापदंड में उच्चतम स्थान प्राप्त किया। यह भारतीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और सुधारने के लिए विकसित एक ढांचा है। मौके पर सीएचओ डोनेश्वरी साहू, आरएचओ तीरथराम साहू, अंजलि सिंह, सरपंच दीपक कुमार पटेल, उपसरपंच मनीष पटेल, कमलेश बघेल, लोकेश्वर यादव, दिनेश यादव, दिलीप निषाद, ललित साहू, शुभम सोनवानी उपस्थित थे।

देखरेख के अभाव में सोढ़ूर बांध में बनी कॉलोनी के भवन हुए जर्जर, रोड की स्थिति खराब

# कॉलोनी में बने मकान से लाखों के सामान की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





नगरी विकासखंड के अंतिम छोर में सोढ़ूर बांध बना हुआ है। सोढ़ूर बांध से हर गांव के अंतिम छोर तक गर्मी के दिनों में तालाब के लिए पानी दिया जाता है। रबी फसल के लिए किसानों को खेती कार्य के लिए पानी दिया जाता है। बांध का भूमिपूजन सन 1977-78 में मध्यप्रदेश शासनकाल में मुख्यमंत्री बिरेंद्र कुमार संकलेचा, जलमंत्री पवन दीवान ने किया था। कालोनी का भी विस्तार हुआ था। बांध के निर्माण के बाद से कर्मचारियों के लिए भवन निर्माण किया गया था। कई कर्मचारी रिटायर के बाद अपने घर वापस चले गए। कॉलोनी में 60 से 70 भवन का निर्माण किया गया था, जिसमे 8 भवन खाली पड़े हैं। 23 भवन अति जर्जर हो चुका है। शासन प्रशासन को डिस्मेंटल के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। धीरे-धीरे कॉलोनी के सामान की चोरी होती जा रही है। एंगल तार की चोरी कर ली है। पिछले वर्ष बरसात में देख-रेख के अभाव के कारण दीवार गिर गई। दरवाजा, खिड़की, सीट समेत अन्य सामान गायब हो रहे। विभागीय अधिकारियों कर्मचारी ने बताया कि पुलिस थाना मेचका में इसकी शिकायत दर्ज करवाई गई है। देखरेख के अभाव में कालोनी में बने मकान खंडहर में तब्दील हो रहे। कॉलोनीवासियों का कहना है कि अभी तक शासन की ओर से रिपेयरिंग के लिए पैसा ही नहीं मिला है न विभाग द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है। रिटायर कर्मचारी का कहना है कि कॉलोनी में रोड की स्थिति भी खराब है। गिट्टी ही गिट्टी दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि यह रोड करीबन 10 साल से भी अधिक हो गया है। उच्च अधिकारी को इस ओर देखने की फुर्सत ही नहीं है। कॉलोनीवासियों का दबी जुबान से कहना है कि यहां पर मात्र कॉलोनी है बड़े अधिकारी तो यहां रहते ही नहीं है। छोटे कर्मचारी रहते हैं जिसके चलते शायद उच्च अधिकारी का इस ओर ध्यान नहीं है।

कॉलोनी में निवासरत कर्मचारियों ने बताया कि कॉलोनी घने जंगलों से घिरा हुई है। जंगली जानवरों का खतरा है। कुछ दिन पहले एक व्यक्ति के घर में तेंदुआ ने गाय एवं कुत्ते को मार डाला। कॉलोनी में रात्रि में डर का भय बना रहता है। उन्होंने कॉलोनी के चारों तरफ बाउंड्रीवॉल खड़ा करने की मांग की है। छोटे बच्चों के खेलने कूदने के लिए कॉलोनी में गार्डन बनाने की जरूरत है। रोड की रिपेयरिंग की मांग की। इस संबंध में उच्च अधिकारी श्री सांझी ने बताया कि शासन प्रशासन को स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलने पर रोड, भवन का रिपेयरिंग कार्य किया जायेगा।

## अधूरे पीएम आवास पर चली जेसीबी

■ ग्राम पंचायत ने बड़े झाड़ के जंगल की जमीन को कुछ ग्रामीणों को पीएम आवास बनाने दिया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम पंचायत परसापानी के आश्रित ग्राम अछोली में पिछले वर्ष सात लोगों को ग्राम सभा में प्रस्ताव कर बड़े झाड़ के जंगल में आने वाली जमीन को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए दिया गया था। गौतम मरकाम, बिदेश मरकाम, नवल सिंह मरकाम, मगतू राम मरकाम, राजकुमार सिन्हा, मंगलसिंग नेताम, आनंद राम नेताम द्वारा गरीब लोगों को आवास बनाने के लिए दिया गया था। मगर वहीं पास के खेत जमीन वाले व्यक्ति द्वारा उस जमीन को अपना बताकर प्रधानमंत्री आवास निर्माण पर तत्काल रोक लगा दी गई। 1 वर्ष से भवन निर्माण कार्य पर रोक लगी है। शुक्रवार को तहसीलदार, आरआई, पटवारी की संयुक्त टीम के द्वारा उस जमीन का कब्जा दिलाया गया। जमीन मालिक ने कब्जा दिलाने के बाद अधूरे प्रधानमंत्री आवास को जेसीबी से तुड़वा दिया।

प्रभारी तहसीलदार नगरी कुसुम प्रधान ने बताया कि न्यायालय प्रक्रिया के आधार पर जमीन मालिक को कब्जा दिलाया गया। अगर वह जमीन सरकारी है तो गांववाले अपील कर सकते हैं। न्यायालय प्रक्रिया के अनुसार उसकी पुनः जांच की जाएगी। पूर्व सरपंच गिरधर लाल मरकाम ने बताया कि बड़े झाड़ जमीन को पंचायत द्वारा गांव के गरीब लोगों को प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए दिया गया था। गांव के पटेल चंदन सिंह मरकाम, कुंवर सिंह, सुरेंद्र कुमार, तोरण, धनुराम, तातू राम, अजय सिन्हा ने बताया कि यह जमीन पूर्वजों के अनुसार उस समय से बड़े झाड़ के जंगल में आती है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन गलत तरीके से दूसरे व्यक्ति के नाम पर चढ़ाई गई है। यह जमीन नक्शा खसरा में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। यह गलत तरीके से उसके नाम पर दर्ज किया गया है।

## नशे से दूर रहने का दिया संदेश



■ ब्रम्हाकुमारी संस्थान भखारा ने तम्बाकू निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भखारा द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रैली निकाली गई। रैली ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र से निकलकर नया बस स्टैंड पहुंची वहां से सन्देश देते हुये पुलिस विभाग पहुंची। फिर पुराने बस स्टैंड गई। इस अवसर पर

बी.के. करुणा ने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा रैली का आयोजन किया गया, ताकि अनेक लोगों को नशा से मुक्त होने का संदेश दिया जा सके। आगे कहा कि एक व्यक्ति नशा करता है तो खुद का नुकसान करता है और परिवार को भी बर्बाद कर देता है। तंबाकू या सिगरेट एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीरे-धीरे पूरे शरीर को खोखला कर देता है। बीके दुलार ने कहा कि आज हर व्यक्ति तंबाकू सेवन से बचे। आज विश्व में करीब 70 करोड़ लोग और भारत में 35 करोड़ लोग ग्रसित हैं।

डॉ. संतोष ने कहा कि तंबाकू के दुष्प्रभाव एवं उससे होने वाली बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। लोगों में जागरूकता लाने के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों ने अच्छा पहल की है। मौके पर पुलिस विभाग से ईश्वर साहू एवं हेमराज नेताम समेत अन्य मौजूद थे।

## सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर आधारित फूले पिक्चर का प्रदर्शन 14 जून को होगा



■ सर्व अनुसूचित जाति-जनजाति संयुक्त मोर्चा की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर मंगल भवन दानीटोला में सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, सतनामी समाज जिला अध्यक्ष भावसिंह डहरे, बौद्ध समाज जिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम, अजजा शासकीय सेवक विकास संघ के जिला अध्यक्ष गेवाराम नेताम, सर्वआदिवासी समाज कार्यकारी अध्यक्ष महेश रावटे की उपस्थिति में बैठक हुई। इस दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रूप से देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर आधारित फूले पिक्चर का प्रदर्शन धमतरी जिले में 14 जून को करने का निर्णय लिया गया।

11 जून को छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के बैनरतले अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मौके पर दौलत राम ध्रुव, कृष्णा मरकाम, टीकम सिंह ध्रुव, कलाराम गंगेश, नरेश गावरे, ढालूराम ध्रुव, घनश्याम नेताम, रूपेंद्र बघेल, दीपक सहारे, राकेश वैद्य, दीपक वैद्य, श्री रामटेके, नंदेश्वर सहित कर्मचारी अधिकारी एवं सामाजिकगण उपस्थित थे।

## सैन्य मातृशक्तियों ने मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

महान समाज सुधारक एवं कुशल प्रशासिका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद सैन्य मातृशक्ति प्रकोष्ठ रायपुर ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर के सभागार में मनाई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती शीला शर्मा वरिष्ठ आहार सलाहकार बाल गोपाल हॉस्पिटल रायपुर थी। अध्यक्षता श्रीमती देवकी साहू ने की। विशेष अतिथि श्रीमती पारुल त्रिपाठी थीं। कार्यक्रम में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र बोरिया खुर्द के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। श्रीमती ज्योति साहू ने अहिल्याबाई होल्कर की जीवन शैली पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सूबेदार डीपी पटेल ने कविता के माध्यम से लोगों को देश सेवा के लिए तत्पर रहने की शिक्षा दी। मुख्य अतिथि श्रीमती शीला शर्मा ने बताया कि सैन्य मातृशक्तियों एवं सभी मातृशक्तियों को लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के पदचिन्ह पर चलकर समाजहित का कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी को संतुलित आहार एवं स्वदेशी अपनाकर पॉलीथिन फ्री पर्यावरण बनाने के लिए अपील की। कार्यक्रम में दो पूर्व सैनिक एवं तीन मातृशक्तियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मोहिनी सोनी ने किया। आभार व्यक्त श्रीमती इंदुप्रभा साहू ने किया। यह जानकारी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद सैन्य मातृशक्ति प्रकोष्ठ रायपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती विद्या साहू ने दी।

## पीडीएस चावल की कालाबाजारी सख्ती के बाद भी नहीं रूकी, माफिया हो रहे मालामाल

■ चावल खरीदने का पैटर्न बदला, राशनकार्ड दुकान लाओ, थंब लगाओ पैसे ले जाओ

■ कालाबाजारी रोकने रणनीति बनाएंगे : एसडीएम पीयूष तिवारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खाद्य विभाग की सख्ती के बाद भी जिले में पीडीएस चावल की कालाबाजारी थम नहीं रही है। पहले ग्राहक दुकान तक चावल बेचने आते थे। अब अधिकारियों से बचने चावल खरीदने का पैटर्न बदल गया। राशन दुकान तक जाओ, थंब लगाओ और पैसा ले जाओ की तर्ज पर कालाबाजारी हो रही है। अब पीडीएस का चावल कोई भी किराना दुकान, चावल दुकान में नहीं मिलेगा। रात के अंधेरे में सीधे मिलों में जाकर साफ हो रहे हैं और बाजार में नई पैकिंग होकर 55 या 60 रूपए में बेचा जा रहा है।

पीडीसएस चावल की खरीदी 24 या 25 रूपए में हो रही है। साफ करने के बाद सीधे डबल रेट में बेचा जा रहा है। चावल माफिया रातों रात लाल हो रहे हैं। चावल की कालाबाजारी का पूरा एक चैनल है, सेंडिकेट पूरी सिस्टम से काम कर रहा है इसलिए पकड़ से बाहर है।

धमतरी एसडीएम पीयुष तिवारी ने बताया कि पीडीएस चावल की कालाबाजारी रोकने खाद्य विभाग के निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है। लगातार छापामार कार्यवाही चल रही है। पैटर्न बदलने पर नई रणनीति बनाई जाएगी। हर हाल में पीडीएस चावल की कालाबाजारी रोकी जाएगी।

पीडीएस चावल की खरीद फरोख्त शहर के सभी 40 वार्डों में चल रही है। इसके अलावा जिले के सभी गांवों में भी यही स्थिति है। हितग्राही बताते हैं कि सभी परिवारों को 35-35 किलो चावल मिलता है जो खाने योग्य नहीं रहता। प्राप्त चावल को बेचकर खंडा, पौना साफ सुथरा चावल खरीदकर खाते हैं। कुछ मात्रा में आटा बनवाकर भी उपयोग कर लेते हैं, ज्यादातर परिवार चावल को बेच ही देते हैं।

## नारायणपुर के पंडीराम मंडावी को मिला पद्म पुरस्कार



■ रायपुर एयरपोर्ट पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व विधायकों ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में 68 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया, जिनमें छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के प्रसिद्ध कलाकार पंडीराम मंडावी भी शामिल थे। वे गोंड मुरिया जनजाति से ताल्लुक रखते हैं और पारंपरिक वाद्ययंत्र निर्माण एवं लकड़ी शिल्पकला में उनके अद्वितीय योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किए गए। पंडीराम मंडावी बस्तर बांसुरी के निर्माण के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने लकड़ी पर उकेरी चित्रकारी, मूर्तियां और अन्य शिल्पकृतियों के माध्यम से बस्तर की कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी कला न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि विदेशों में भी बहुत सराही गई है। वे पांच दशकों से बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उसे नई पहचान भी दिला रहे हैं।

इस उपलब्धि पर कांग्रेस महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधायक ओंकार साहू व अन्य विधायकों के साथ नारायणपुर के पंडीराम मंडावी को एयरपोर्ट में बधाई व शुभकामनाये दी और कहा कि यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है।

स्वर्ण प्राशन बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं रोग प्रतिरोधक विकास में सहायक : डा. पचौरी

# 300 बच्चों को स्वर्ण प्राशन औषधि पिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नगर पालिक निगम धमतरी एवं शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्ण प्राशन संजीवनी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत 0 से 16 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 300 बच्चों को स्वर्ण प्राशन औषधि पिलाई गई, जिसका उद्देश्य बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है।

इस अवसर पर महापौर रामू जगदीश रोहरा, स्वास्थ्य समिति के सभापति नीलेश लूनिया, तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने किया।

डॉ. पचौरी ने जानकारी दी कि स्वर्ण प्राशन औषधि बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं रोग प्रतिरोधक विकास में सहायक है। इसके नियमित सेवन से बच्चों में शारीरिक वजन में वृद्धि, कुपोषण में कमी, स्मरण शक्ति का विकास, पाचनतंत्र में सुधार तथा एलर्जी और बार-बार बीमार पड़ने की प्रवृत्ति में कमी जैसे सकारात्मक प्रभाव देखे गए हैं।

स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के दिन आयोजित किया जाता है, जिसे आयुर्वेद में विशेष शुभ मुहूर्त माना गया है। यह सेवा निःशुल्क रूप से उपलब्ध करवाई जाती है। कार्यक्रम को लेकर अभिभावकों में भी विशेष उत्साह देखा गया। बच्चों के स्वास्थ्य में हो रहे लाभकारी प्रभावों को देखकर अभिभावकों ने नगर निगम एवं आयुष विभाग की इस पहल की प्रशंसा की है। यह आयोजन न केवल बच्चों के भविष्य को स्वास्थ्य की दिशा में सशक्त बना रहा है, बल्कि समाज में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के प्रति विश्वास और जागरूकता को भी प्रोत्साहित कर रहा है।

## अहिल्याबाई की जयंती पर जनकल्याण कार्यों को किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

जनपद पंचायत मगरलोड के सभागार में पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी (300वीं) जन्म जयंती कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष विरेन्द्र साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। श्री साहू ने अपने वक्तव्य में अहिल्याबाई होल्कर के अद्वितीय जीवन, प्रशासनिक कुशलता एवं जनकल्याणकारी कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि वे नारी शक्ति की प्रतीक थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में धर्म, शिक्षा, समाजसेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह आज भी प्रेरणा स्त्रोत है।

## अंचल की खबरें

### सिहावा चौक के पास पाइपलाइन फटी



धमतरी। सिहावा चौक में विगत दिनों से पाइप लाइन के लीकेज होने से पानी की बर्बादी हो रही है, लेकिन निगम प्रशासन ने अब तक उसे ठीक नहीं कर पाया है। इसकी सूचना मिलते ही उपनेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र देवांगन मौके पर पहुंचे। स्थानीय नागरिकों से बात की। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगातार पानी बहने से क्षेत्र में कीचड़ फैल गया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लीकेज की वजह से न सिर्फ पानी की बर्बादी हो रही है, बल्कि कीचड़ होने से राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। श्री देवांगन ने कहा कि यदि समय रहते लीकेज नहीं सुधारा गया, तो वे जनता की आवाज को लेकर सड़क पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

- निगम के उपनेता प्रतिपक्ष ने लिया जायजा, लीकेज को सुधारने की मांग की

### महापौर ने दी शासकीय योजनाओं की जानकारी



धमतरी। मकई गार्डन में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना था। महापौर श्री रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितैषी प्रशासन देने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसी प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी और नागरिकों से इनका लाभ उठाने की अपील की। मौके पर ही योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए सूचना केंद्र स्थापित किए गए थे, जहां ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन की भी व्यवस्था की गई थी।

### स्वास्थ्य अधिकारी संघ की बैठक में कई समस्याओं पर हुई चर्चा



धमतरी। छत्तीसगढ़ महतारी परिसर कुरूद में 1 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री हिरामन साहू, संघ जिलाध्यक्ष धनेंद्र साहू ने की। बैठक मेंराजनांदगांव की सीएचओ आरती यादव की आकस्मिक मौत पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक करीब ढाई से तीन घंटे चली। बैठक में कुरूद और गुजरा ब्लॉक के सभी सीएचओ शामिल हुए। आरती यादव के साथ हुई घटना की पुनरावृत्ति रोकने और काम के दौरान आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई। संघ जिलाध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा कि सभी सीएचओ शासन की गाइडलाइन के अनुसार काम करें। किसी भी अधिकारी के दबाव में न आएं। यदि कोई प्रताड़ति है तो अपनी बात खुलकर उच्चाधिकारियों और संघ के सामने रखें ताकि समय पर समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि तय समय पर अस्पताल पहुंचकर मरीजों का इलाज करें। किसी भी दबाव में काम न करें। कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि भी समय पर दी जाए। सीएचओ ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं और समुदाय के बीच अहम कड़ी होते हैं। बैठक में अध्यक्ष धनेंद्र साहू, प्रदेश महामंत्री हिरामन साहू, संरक्षक लिलेश सिन्हा, अंजु साहू, मीडिया प्रभारी चित्ररेखा, दिव्या, दुर्गा साहू, प्रिया साहू, प्रीतेश साहू, गोपेश्वरी समेत कुरूद और गुजरा ब्लॉक के सभी सीएचओ मौजूद रहे।

### एकल अभिनय में सुरेश दास प्रथम रहे




धमतरी। अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ पुणे द्वारा 21वां रंग महोत्सव का आयोजन किया गया। एकल अभिनय सोलो एक्टिंग सीनियर वर्ग में सुरेश दास मानिकपुरी ने आकाशगिरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त किया और थाईलैंड ड्रामा के लिए स्थान बनाया। इस उपलब्धि पर एसडीएम प्रीति दुर्गम, तहसीलदार कुकरेल ख्याति कंवर, तेजपाल ध्रुव, कुसुम प्रधान, राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती, संजय सोनी, मनीष ध्रुव, पटवारी योगेंद्र श्रीमाली, द्विजराम मरकाम, कुशल कुंजाम, डोमन प्रसाद बंजारे, ऋषि कपूर गंगेले, सरपंच नोमेश्वरी, गोपी निषाद, महेश दास मानिकपुरी ने हर्ष व्यक्त किया।

इतवारी बाजार अपडेट : भटा, लौकी 10 तो कुम्हड़ा, पत्तागोभी, मूली 20 रूपए में बिका

# हरी सब्जियों के दाम धड़ाम से गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्री-मानसून की बारिश ने सब्जी बाड़ी की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया। फल और सब्जी से लदे पौधों में पानी, बदली हवा की मार से कीड़े लग गए। सब्जियां अधपका रह गईं। टमाटर, भटा, गोभी जैसी सब्जियां चटख गईं। सब्जियों की क्वालिटी खराब होने से कृषकों ने आनन-फानन में तुड़ाई प्रारंभ कर दी। स्तरहीन सब्जियों की मार्केट में पूछपरख नहीं होने से रेट धड़ाम से नीचे गिर गए। सब्जियों के दाम आधे हो गए। अन्य सब्जियां 10 से 20 रुपए किलो रह गई।

कृषक एवं व्यवसायी रघुराम पटेल, देवीराम सोनकर बताते हैं कि उनकी बाड़ी में सभी प्रकार की सब्जियों की फसल लगी हुई है। अचानक हुई बारिश से पौधे गल गए। फलों एवं सब्जियों में कीड़े लग गए। पूरी तरह से पकने से पहले टमाटर की तुड़ाई शुरु हो गई, बाजार में भाव कम मिला। बारिश से उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है।

शहर के इतवारी बाजार में शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियां सस्ती होने पर लोगों ने खूब खरीदरी की। सब्जी विक्रेता घनाराम पटेल ने बताया कि रविवार को भटा, लौकी, मूली जैसी सब्जियां 10 रूपए किलो बिकी। कुम्हड़ा, टमाटर, पत्तागोभी, डोड़का 20 रुपए किलो रहा। गाजर, कुंदरू, बरबट्टी, केला, तोराई, कोचई 30 रुपए किलो बिका। भिंडी, गोभी, परवल, कटहल, टिंडा 40 रुपए किलो रहा। ग्वारफली, शिमला मिर्च 50 में बिकी। मुनगा, हरी मिर्च, ढेंस 60 रुपए रहा। मौसमी सब्जी बोड़ा 800 रुपए किलो बिका।

#### पका आम तोताफली 25, बैगनफली 50



इतवारी बाजार में पका आम तोताफली 25 रुपए, बैगनफली, आम्रपाली 50 रूपए किलो, देशी पका आम 40 रुपए किलो, चूसने वाला आम 25 रुपए किलो, अचारी आम 15 से 20 रुपए किलो, पका केला 50 रुपए दर्जन रहा।

#### आलू-प्याज 25-25 रुपए किलो

रविवार को किराना सामानों में आलू 25, प्याज 25, शक्कर 45, गुड़ 50, खड़ी हल्दी 170-200, खड़ी मिर्च 180-300, धनिया 100-130, जीरा 280, काली मिर्च 800, लहसुन 100-120, रिफाइंड तेल 130, सरसों 75, मेथी 80, राहरदाल 80-110, मूंगदाल 110, उड़ददाल 100, मसूरदाल 85, चना 75, काबुली चना 120, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 85, पोहा 50, मसूर खड़ा 80 रूपए किलो तथा अंडा 75 रुपए दर्जन रहा।

### धान नहीं चना की खेती से मुनाफा, फसल चक्र परिवर्तन से किसानों को फायदा

धमतरी। धमतरी जिले में लगातार गिरते भूजल स्तर को ध्यान में रखकर इस गर्मी के सीजन में कई किसानों ने फसल चक्र परिवर्तन अपनाया। किसानों ने धान के बदले अन्य फसल जैसे दलहन तिहलन और चना के फसलें लगाईं। ये सभी फसलें कम पानी और लागत में अच्छा मुनाफा दे रहीं हैं। किसानों को चना खरीदी का भुगतान भी शुरू हो गया है। सीधा किसानों के खाते में पैसा ट्रांसफर हो रहा है। किसानों का कहना है कि गिरते भूजल को देखते हुए चने की खेती की है, ताकि जमीन की उर्वरक शक्ति बनी रहे और पानी की खपत कम हो। भुनेश्वर साहू, किसान, अमलडीह ने बताया कि चना उत्पादन अच्छा हुआ, पैसा भी सोसायटी के माध्यम से आ गया है। धान की फसल में पानी का दोहन बहुत ज्यादा होता है। दलहन-तिलहन की खेती के लिए हमें प्रोत्साहित किया गया। किसानों को फायदा हुआ है।

## युक्तियुक्तकरण के नाम पर 10000 स्कूलों को बंद करने का षड्यंत्र

- एनएसयूआई 18 जून को कलेक्ट्रेट का करेगी घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राजीव भवन में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन ने प्रेसवार्ता ली। उन्होंने बताया कि सरकार ने युक्तियुक्तकरण के नाम पर 10000 स्कूल बंद करने की नीति अपनाई है। ये वही सरकार है जो मोदी गारंटी में 57000 शिक्षकों की भर्ती की बात कर रही थी लेकिन अब स्कूलों को ही खत्म किया जा रहा है। यह कदम ग्रामीण, गरीब, आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों के शिक्षा के अधिकार पर सीधा हमला है। सवाल यह उठता है कि जब स्कूल ही नहीं रहेंगे तो 57000 शिक्षक कहां और क्यों भर्ती किए जाएंगे।

राजा देवांगन ने आगे कहा कि सरकार 57000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा को केवल चुनावी जुमला न बनाए। भर्ती प्रक्रिया 2008 के सेटअप के अनुसार पारदर्शी ढंग से और बिना किसी छेड़छाड़ के की जाए। अगर सरकार में इच्छाशक्ति है तो वह इस भर्ती प्रक्रिया को तत्काल प्रारंभ करे। श्री देवांगन ने कहा कि सीजीसीटीईटी परीक्षा को 1 वर्ष से अधिक समय हो चुका है। आज तक परिणाम जारी नहीं किया गया, जिससे हजारों युवा मानसिक और आर्थिक तनाव में हैं। एनएसयूआई ने सरकार से तत्काल परिणाम जारी करने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि विभिन्न मुद्दों को लेकर एनएसयूआई 18 जून को कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी। इस दौरान नमन बंजारे, जय श्रीवास्तव, सुदीप सिन्हा, धर्मेंद्र पटेल, तामेश्वर भोयर सहित एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार मनाकर जनता को ठगने का काम कर रही भाजपा : सुमन



धमतरी। डाकबंगला वार्ड की पार्षद सुमन मेश्राम ने अपने बयान में कहा है कि साय सरकार द्वारा महीने भर से सुशासन तिहार का ढिंढोरा पीटा जा रहा है और 90 प्रतिशत सुशासन तिहार के आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है, यह भी कहा जाता है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। प्रशासन मूलभूत सुविधा देने में नाकाम साबित हो रहा है। जोधापुर डाकबंगला वार्ड के एक हिस्से में दो महीने से ठीक से पानी नहीं आ रहा है जिसकी शिकायत कई बार निगम में बैठे अधिकारियों से की गई है लेकिन उनके कानों में जूं तक नही रेंगी। हफ्ते भर से पीजी कालेज रोड, जोधापुर सोरिद प्राथमिक शाला एरिया अंधकार में है। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार कार्य नहीं हो रहा और जनता को बेवकूफ बनाने के लिए सुशासन तिहार मनाया जा रहा है।

## अहिल्याबाई होल्कर एक कुशल रणनीतिकार थीं : रेखा

- जीजामाता महिला मंडल ने मनाई जयंती, उनके योगदान को किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्रपति शिवाजी मराठा मंगल भवन में जीजामाता महिला मंडल के तत्वावधान में रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। मुख्य वक्ता श्रीमती रेखा मगर ने कहा कि उस समय भी उनका सूचना तंत्र काफी प्रबल था एवं कुशल रणनीतिकार थीं। प्रतिभा जाधव ने कहा कि रानी अहिल्याबाई इतनी लोकप्रिय है कि टीवी पर उनका सीरियल आता था तो लोग अपने सारे काम छोड़ सीरियल देखने बैठे रहते थे। उनका शासनकाल बहुत समृद्ध और सुदृढ़ था।

जीजामाता महिला मंडल की अध्यक्ष नीता रणसिंह ने कहा कि मालवा के सूबेदार मल्हार राव होल्कर ने अहिल्याबाई के बचपन में ही उनकी वीरता, निडरता तथा साहस को देखकर उन्हें अपनी पुत्रवधु बनाने का निर्णय कर लिया था। अहिल्याबाई ने विधवा विवाह प्रारम्भ कराया। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने वस्त्र उद्योग प्रारम्भ किया जो अभी भी महेश्वर में फलफूल रहा है तथा हज़ारों परिवारों के रोजगार का साधन है। कार्यक्रम को समाज के अध्यक्ष दीपक राव लोंधे तथा विनोदराव रणसिंह ने भी संबोधित किया।

समाज के बच्चों को निशुल्क पेंटिंग की शिक्षा देने के लिए श्रीमती जयश्री बाबर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रगति पवार ने किया। कार्यक्रम में गोपाल रणसिंह, अनिल सालुंके, योगेश बाबर, महेंद्र गायकवाड़, दीपक पवार, श्रीलेखा जाधव, भावना घोरपड़े, स्नेहा देशमुख, मीता गायकवाड़, कल्पना रणसिंह, निधि रणसिंह, वंदना पवार, सपना रणसिंह, सोनिया रणसिंह, जया रणसिंह, कविता पवार, नम्रता जाधव, आरती सावंत, सुनीता समेत बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित थीं।

## भाजपा ने किया महिलाओं का सम्मान

- अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर गोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम हुआ
- लोकमाता के शासनकाल में दिखती थी लोकतंत्र की झलक : इंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भाजपा द्वारा जिला मुख्यालय में रानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर गोष्ठी एवं महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने बताया कि रानी अहिल्या बाई होल्कर को लोकमाता कहा गया है। उन्होंने प्रजा के लिए काम किया। यही कारण है कि उन्हें राजमाता न कहकर लोकमाता कहा गया। उन्होंने सनातन धर्म के उत्थान के लिए लाखों, करोड़ों खर्च किए। पूर्व विधायक पिंकी शाह ने कहा कि अहिल्या बाई ने सामाजिक, आर्थिक, कूटनीतिक और धार्मिक सभी पहलुओं पर बुद्धिमता और न्यायप्रियता के साथ काम किया। वह महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि 31 मई को उनके 300 वें जन्मदिवस पर जिला मुख्यालय में गोष्ठी के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के जिला संयोजक ठाकुर शशि पवार ने कहा कि रानी अहिल्या बाई होल्कर का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उन्हें पुण्य श्लोका एवं शिवकामिनी जैसी उपाधियों से सम्मानित किया गया।

सहसंयोजक बीथिका विश्वास ने सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली श्रीमती कामिनी कौशिक, श्रीमती यशोदा सोनकर, श्रीमती प्रतीक्षा बाबर, श्रीमती प्रेमकुमारी वाहिले, भूमिका साहू, श्रीमती शकुन नेताम, श्रीमती रेणुका पांडे, डॉ. उमा शर्मा, श्रीमती सुलोचना साहू एवं श्रीमती इंद्राणी साहू को शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने किया। ननि सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया। आभार प्रदर्शन जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने किया। मंच पर पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर अरविंदर मुंडी, नरेश सिन्हा, चेतन हिंदूजा, श्रीमती श्यामा साहू, अविनाश दुबे, श्रीमती अर्चना चौबे, श्रीमती सरला जैन, विजय साहू, मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, विनय जैन, मिश्रीलाल पटेल, अमन राव, मनोहर मानिकपुरी, दयाराम साहू, हेमंत चन्द्राकर, मुरारी यदु, प्रकाश गोलछा, कमल डागा, विनोद पांडे, मोहन नाहटा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, श्रीमती ज्योति साहू, श्रीमती गीतेश्वरी साहू, जिपं सदस्य टीकाराम कंवर, धनेश्वरी साहू, अनीता ध्रुव, विरेन्द्र साहू, चन्द्रकला पटेल, अनीता सोनकर, नम्रता पवार, रितिका यादव, संगीता जगताप, कविता यादव, नंदिनी सिन्हा, पवित्रा दीवान, विभा चंद्राकर, चंद्रभागा, हिमानी साहू, रीता बंजारे, अजय ध्रुव, केशव साहू, अजय नाहटा, अज्जु देशलहरे सहित अन्य मौजूद थे।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर नर्सिंग छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

- रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कालेज आफ नर्सिंग ने चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




ग्राम लिमतरा में संचालित रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के विद्यार्थियों ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जिला चिकित्सालय धमतरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

विद्यार्थियों ने बैनर, पोस्टर, रंगोली, रैली एवं स्लोगन के माध्यम से मरीजों एवं उनके परिजनों व नागरिकों को तम्बाकू के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी एवं मरीजों तथा उनके परिजनों को तम्बाकू का सेवन नहीं करने शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने बताया कि तम्बाकू के सेवन एवं धूम्रपान से कैंसर, दिल का दौरा, स्ट्रोक जैसी बीमारियां होती है।

विश्व स्तर पर प्रत्येक वर्ष लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु तंबाकू के सेवन से होती है, जिनमें 5 लाख भारतीय शामिल हैं। विद्यार्थियों द्वारा चिकित्सालय परिसर से रत्नाबांधा चौक तक रैली निकालकर आमजनों को तम्बाकू का सेवन नहीं करने के लिए जागरूक किया। यह कार्यक्रम प्राचार्य के दिशा-निर्देश में हुआ।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
03 जून दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
04 जून दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
समय : सुबह 10:00 से 3 बजे
गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी), लकवा,
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
• रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
• घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
• कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

